Email id-budradmn22@gmail.com
Website-
www.bubhopal.ac.in@www.mponline.gov.in

BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL

Phone : (O) +91-755-2517012 Fax: +91-755-2517011

क्रमांक 740/प्रशा./2022 भोपाल, दिनांक 6/04/2022

:: अधिसूचना ::

विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकीय पदों पर सीधी भर्ती हेतु पूर्व प्रसारित विज्ञापन (क्रमांक 663/प्रशा./विज्ञापन/बैकलॉग/2022 दिनांक 29.03.2022) के पदों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशो/आदेशों के अनुरूप महिलाओं एवं दिव्यांगजनों हेतु Horizontal आरक्षित पदों का चिन्हांकन निम्नानुसार किया जाता है :–

(1) शैक्षणिक पदो पर महिला आरक्षण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के असाधारण राजपत्र दिनांक 17.11.2015 के तहत म.प्र. सिविल सेवा (महिलाओ की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम 1997 में किये गये संशोधन अनुसार नियम 3 में उप नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप नियम स्थापित किया गया है:–

इसके अनुसार (1)–'' किन्ही सेवा नियमों में, किसी बात के होते हुए भी, राज्य के अधीन सेवा में सीधी भर्ती के प्रक्रम पर समस्त पदों के (वन विभाग को छोडकर) तैंतीस प्रतिशत पद महिलाओं के ऐ आरक्षित रहेंगे तथा उक्त आरक्षण समस्तर और प्रभागवार (हॉरिजेन्टल एण्ड कम्पार्टमेंटवाइस) होगा।

(2) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विज्ञापित पदों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी किये गये निर्देशो/आदेशो के अनुरूप महिला आरक्षण निम्नानुसार रहेगा:–

	प्राध्यापक			सह–प्राध्यापक			सहायक प्राध्यापक		
श्रेणी/वर्ग	पदों की संख्या	महिला हेतु आरक्षित*	विषय (महिलाओ हेतु आरक्षित)*	पदों की संख्या	महिला हेतु आरक्षित *	विषय (महिलाओ हेतु आरक्षित)*	पदों की संख्या	महिला हेतु आरक्षित *	विषय (महिलाओ हेतु आरक्षित)*
अनारिक्षित UR	04	01	गणित–1	04	01	लिम्नोलॉजी–1	06	02	विधि–1 प्राकृत–1
अनु.जाति SC	01	निरंक	निरंक	02	01	भौतिकी–1	05	02	भू–विज्ञान–1 समाजशास्त्र–1
अनु.जन. जाति ST	03	01	प्रबंधन–1	03	01	समाजशास्त्र–1	03	01	भौतिकी–1
अन्य पिछडा वर्ग OBC	03	01	माईक्रोबायोलॉजी–1	02	01	आर.पी.ई.जी.–1	07	02	इलेक्ट्रानिक्स–1 माईक्राबायोलॉजी–1
आर्थिक रूप से कमजोर EWS	02	01	आर.पी.ई.जी.–1	निरंक	निरंक	निरंक	04	01	आर.पी.ई.जी.–1
योग	13	04		11	04		25	08	

(3) म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के क्रमांक सी/3–2/97/3/एक दिनांक 18.02.1997 की कंडिका 5 के अनुसार **''यदि चयन प्रकिया में किसी भी आरक्षित प्रवर्ग अथवा अनारक्षित प्रवर्ग में महिलाओं के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन होने से रिक्त रह जाते है, तो ऐसे पद आगामी वर्ष के लिए अग्रेषित नही किये जाएंगे और ऐसे रिक्त पदों को दूसरे आरक्षित**

निरंतर...2..

BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL
Phone : (O) +91-755-2517012 Fax: +91-755-2517011

अथवा अनारक्षित प्रवर्ग की महिला से भी नही भरा जाएगा, ऐसे रिक्त पद उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिए वह आरक्षित है।''

(4) म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल क आदेश कमांक–एफ–8–4/2001/आ.प्र./एक (पार्ट) दिनांक 10.09.2020 के अनुसार दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों का चिन्हांकन किया जावेगा।

दिव्यांगजन हेतु 6 प्रतिशत आरक्षण है। जिनका विभाजन निम्नानुसार है:–

चिन्हांकित पद/संवर्ग एवं संख्या			
दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (1.5 प्रतिशत)	बहरे और कमू सुनने वाले (1.5 प्रतिशत)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी (1.5 प्रतिशत)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटि और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (1.5प्रतिशत)

(5) विज्ञापन में दर्शाए आर.पी.ई.जी. के अंतर्गत (भूगोल एंव अर्थशास्त्र) दोनो विषयो के अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

(6) विज्ञापन में दर्शाए 'प्राकृत' में (संस्कृत) विषय के अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

(7) विज्ञापन में दर्शाए कम्प्युटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन में "the Candiate having qualification as per UGC norms/guidelines with Computer science subject and specialization in Blockchain, Human Computer Interface, VLSI design, Virtual Reality and Edge Computing may be considered."

उपरोक्तानुसार समस्त अभ्यर्थी पंजीयन करने के पूर्व समस्त निर्देश/विवरण विश्वविद्यालय की बेवसाईट www.bubhopal.ac.in का अवलोकन कर अपनी पात्रता/अर्हता सुनिश्चित करे।

आदेशानुसार

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ0कमांक.....741/प्रशा./2022
भोपाल दिनांक 6../04/2022

प्रतिलिपि:–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी वेबसाईट सेल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
3. निज सहायक के माध्यम से मान. कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।
4. निज सहायक के माध्यम से मान. कुलसचिव जी के सादर सूचनार्थ।
5. निजी नस्ती।

उप–कुलसचिव (प्रशासन)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल